# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

02 अक्टूबर, 2024

## मुक्त विश्वविद्यालय में गाँधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन

# गांधी जयंती पर कुलपति ने दिलाई शिक्षार्थियों की सेवा की शपथ

# स्वच्छता कर्मियों एवं मालियों को कुलपति ने किया सम्मानित

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आज दिनांक 02 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 09.00 बजे, त्रिवेणी सामुदायिक केन्द्र, यमुना परिसर में गाँधी जयन्ती व 'स्वच्छ भारत दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मा0 कुलपति जी, कुलसचिव, निदेशकगण एवं समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व भारतरत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री के छाया चित्र पर पुष्पार्पण किया गया। तत्पश्चात् रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, कबीर, रविदास एवं रहीम के दोहो का श्रवण किया गया।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं भारतरत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री जी, पूर्व प्रधानमंत्री के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्जन करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा ने 17 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में विश्वविद्यालय के सभी परिसर, क्षेत्रीय केन्द्रों तथा विश्वविद्यालय कर्मियों के सहयोग से अपने आस–पास स्थित विद्यालयों, धार्मिक स्थलों एवं परिसरों में की गई साफ–सफाई का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के सभी स्वच्छता कर्मयोगियों को अंगवस्त्र तथा मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 'आत्म निर्भर भारत' विषय पर कराये गये भाषण प्रतियोगिता के विजेता अभिषेक सिंह, वत्सल श्रीवास्तव एवं पारुल श्रीवास्तव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी, सहायक निदेशक/सहायक आचार्य, समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, शिक्षणेत्तर कर्मी एवं शिक्षार्थी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए
आयोजन सचिव डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी

स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए नोडल अधिकारी प्रो0 सन्तोषा कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा

रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, कबीर, रविदास एवं रहीम के दोहो का श्रवण करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

## स्वच्छता कर्मियों एवं मालियों को सम्मानित करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी

# भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार

*सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत*
*'आत्म निर्भर भारत' विषय पर कराये गये भाषण प्रतियोगिता के विजेता श्री अभिषेक सिंह, श्री वत्सल श्रीवास्तव एवं सुश्री पारुल श्रीवास्तव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के लिए पुरस्कृत करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी*

# शिक्षार्थियों की सेवा हमारा परम धर्म– प्रोफेसर सत्यकाम

इस अवसर पर कुलपति आचार्य सत्यकाम ने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए विश्वविद्यालय के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए भी शपथ दिलाई। प्रोफेसर सत्यकाम ने शिक्षार्थियों को भगवान मानते हुए उन्हें कोई कष्ट नहीं पहुंचने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों की सेवा इस प्रकार करें कि उन्हें कोई कठिनाई न हो। शिक्षार्थियों की सेवा हमारा परम धर्म है।

इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के स्वच्छता कर्मियों तथा मालियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इन सब के सहयोग से विश्वविद्यालय हरा भरा एवं स्वच्छता युक्त परिसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। महात्मा गांधी की भी यही सोच थी। वह समाज के सबसे निचले तबके की बहुत चिंता किया करते थे। कुलपति प्रो0 सत्यकाम ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा दिये गये योगदानों का भावपूर्ण स्मरण किया।

गांधी जयंती पर शिक्षार्थियों की सेवा की शपथ दिलाते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी

राष्ट्रगान